**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 840**
**दिनांक 29 नवंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**चिक्कबल्लापुर में पर्याप्त चिकित्सा सेवाएं**

**†840. डॉ. के. सुधाकर:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश के सभी सरकारी अस्पतालों में दवाइयों का पर्याप्त भंडार है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र देश भर में विशेषीकृत चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में सक्षम हो जाएं, यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) चिक्कबल्लापुर के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध विशेषज्ञ चिकित्सकों की संख्या के संबंध में आंकड़े क्या हैं;

(घ) क्या चिक्कबल्लापुर लोक सभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा कर्मियों/दवाओं की कमी की कोई सूचना मिली है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ड़) चिक्कबल्लापुर में आयुष्मान भारत उपचार का सफलतापूर्वक लाभ उठाने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या कितनी है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) और (ख): भारत सरकार ने वर्ष 2015 में जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) और उप-स्वास्थ्य केंद्रों (एससी) में मुफ्त दवाओं तक पहुंच में सुधार के लिए मुफ्त दवा सेवा पहल (एफडीएसआई) की शुरुआत की। एफडीएसआई के तहत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को एसएचसी स्तर पर 106 दवाओं, पीएचसी स्तर पर 172 दवाओं, सीएचसी स्तर पर 300 दवाओं, एसडीएच स्तर पर 318 दवाओं और जिला अस्पतालों में 381 दवाओं के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है।

एनएचएम के मानदंडों के अनुसार, प्रत्येक पीएचसी पर चिकित्सा अधिकारी तैनात किए जाते हैं। ये पीएचसी-एएएम टेली-परामर्श सेवाएं भी प्रदान करते हैं, जिससे चिकित्सा अधिकारी विशिष्ट सेवाओं के लिए मध्यम और विशिष्ट परिचर्या केंद्रों के विशेषज्ञों से जुड़ सकते हैं।

(ग) और (घ): कर्नाटक राज्य के अनुसार, चिक्कबल्लापुर के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध विशेषज्ञ डॉक्टरों का विवरण नीचे दिया गया है:

| क्र. सं. | संस्थान | स्वीकृत पद | कार्यरत | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य अस्पताल | 95 | 63 | 32 |
| 2 | सीएचसी | 10 | 7 | 3 |
| | कुल | **105** | **70** | **35** |

(ङ) दिनांक 31.10.2024 तक, चिक्कबल्लापुर के लिए एबी पीएम-जेएवाई के तहत 191.06 करोड़ रुपये की राशि के कुल 2.90 लाख अस्पताल भर्तियों को अधिकृत किया गया है।

********